आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22 जून 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- शहरी हरित नीति को राज्य मंत्रिपरिषद ने दी मंजूरी। हरित पहल और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को दिया जायेगा बढ़ावा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में निर्माणाधीन टू लेन और फोर लेन सड़क का किया निरीक्षण। निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश।
- देश भर के साथ पूरे प्रदेश में उत्साह के साथ मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस। योग को दिनचर्या में शामिल करने का लिया गया संकल्प।
- प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में आज गरज–चमक के साथ बारिश के आसार। मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

**********

राज्य मंत्रिपरिषद ने शहरी हरित नीति को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस नीति के तहत शहरी निकायों में हरित पहल और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को बढ़ावा दिया जायेगा साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जायेगा और राज्य में नये मकानों के निर्माण के लिये हरित भवन मानक लागू किये जायेंगे। वहीं शहरी इलाकों में मियावाकी पद्धति का इस्तेमाल करते हुए तेज विकास वाले घने मिनी वनों का निर्माण किया जायेगा। नीति के तहत स्कूलों, दफ्तरों और संगठनों के जरिये वृक्षारोपण अभियान चलाये जायेंगे। साथ ही रूफटॉप और वर्टिकल गार्डेन को प्रोत्साहित किया जायेगा। शहरी हरित नीति तीन चरणों में लागू की जायेगी।

पहले चरण में यह नीति 2025 से 2027 तक स्मार्ट शहरों और प्रमुख नगरों पर ध्यान केन्द्रित करेगी। दूसरे चरण में 2027 से 2030 तक उन शहरों को शामिल किया जायेगा, जिनकी जनसंख्या एक लाख से ज्यादा है। तीसरे चरण में यह नीति राज्य की सभी नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में लागू की जायेगी। यह नीति बच्चों के खेलने के लिये सुरक्षित स्थान, पर्यावरणीय शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर रात गोरखपुर के जगेसर पासी चौराहा से हड़हवा फाटक होते हुए एचएन सिंह चौक तक बन रही टूलेन एवं फोरलेन सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। एक रिपोर्ट(8)

**मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है इसलिए यह सुनिश्चित करना होगा कि इस मार्ग पर कहीं भी जलजमाव न हो। सड़क निर्माण में जनसुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए और इसकी शुरुआत जलजमाव की संभावित समस्या को दूर करके की जाए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पांडेयहाता मे विरासत गलियारा का निरीक्षण करते हुये कहा कि इस गलियारे के निर्माण में जितने भी मकान और दुकान आए हैं, उनका मुआवजा दिया जाए। कोई भी छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य के दौरान जनता की सहूलियत के लिए यूटिलिटी डक के आकार का परीक्षण कर लेने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घंटाघर में विरासत गलियारा, मल्टीलेवल पार्किंग और घंटाघर के सुंदरीकरण का लेआउट प्लान देखा। उन्होंने कहा कि विरासत गलियारा के तहत टूटने वाली दुकानों को जगह होने पर पीछे समायोजित किया जाए। उन्होंने कहा कि कई दुकानो को मल्टीलेवल पार्किंग के कॉम्प्लेक्स में भी समायोजित किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि दुकानदारों का नुकसान न होने पाए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर, के सभाकक्ष में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सभी संस्थाओं के प्रमुखों के साथ संस्थाओं की गतिविधियों और भावी कार्ययोजना की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में पढ़ने वाले किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई में बाधा न बनने पाए, इसे सुनिश्चित करना हर संस्था के प्रमुख का दायित्व है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों का सहयोग कर उन्हें आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे जीवन सिर्फ औपचारिकता नहीं होती है, उसी तरह कोई संस्था भी औपचारिकता मात्र नहीं है। हर संस्था का एक सुस्पष्ट ध्येय होना चाहिए। हर संस्थाध्यक्ष का दायित्व है कि अपनी टीम के साथ पूरे मनोयोग से और लीक से हटकर कार्य करें।

**********

नागर विमानन महानिदेशालय ने एयर इंडिया को निर्देश दिया है कि वह चालक दल के कर्मचारियों के रोस्टर और समय निर्धारण संबंधी नियमों के गम्भीर उल्लंघन के आरोप में तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाये। निदेशालय ने तीनों अधिकारियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से आंतरिक अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने और इस संबंध में दस दिनों के अन्दर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है।

**********

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत, पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि कभी बहाल नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार पाकिस्तान में जा रहे अतिरिक्त पानी को राजस्थान ले जाने के लिए नहर का निर्माण करेगी। एक समाचार पत्र को दिये साक्षात्कार में गृह मंत्री ने कहा कि सरकार की आतंकवाद को कतई बर्दाशत नहीं करने की नीति बरकरार है। श्री शाह ने कहा कि कश्मीर, नक्सल क्षेत्र और पूर्वोत्तर में आतंकवाद के मूल कारणों को दूर करने पर केन्द्र सरकार काम कर रही है।

**********

पूरे देश के साथ प्रदेश में कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशाखामत्तनम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य मंत्रियों ने विभिन्न जनपदों में योगाभ्यास किया। वाराणसी के अस्सी घाट पर केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आम नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने सेहतमंद रहने के लिये योग को जरूरी बताया।

***आज के जीवन में बहुत तनाव है, हर व्यक्ति के जीवन में बहुत सारी समस्याएं है और ऐसी परिस्थितियों में जब हमारा खान पान ठीक नहीं है जब हमारी जीवन शैली अनियमित हो चुकी है। ऐसी परिस्थिति में अपने शारीरिक स्वस्थ्य को, अपने मानसिक स्वास्थ्य को और अपने भावनात्मक स्वास्थ्य को बिल्कुल दुरूस्त रखने का एक ही मंत्र है वो है योग। तो करे योग रखे निरोग।***

आगरा में आयोजित योग कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने लोगों के साथ योगाभ्यास कर सभी को करो योग– रहो निरोग का संदेश दिया।

***शांति के लिये योग का बहुत बड़ा महत्व है। ये डिप्रेशन से निकलता हैख एकाग्रता पैदा करता है और बहुत सी बीमारियों का इलाज एलौपैथी और होम्योपैथी के लिये योग के माध्यम से होता है। इसके तमाम उदाहरण है।***

इस क्रम में कल जौनपुर के अटल पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के सहयोग से 1100 पौधों का रोपण भी किया गया। जनपद बलरामपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा ग्राम प्रहरियों और चौकीदारों को 155 साइकिलों का वितरण किया गया।

अमरोहा के जनपद न्यायालय परिसर में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला सत्र न्यायधीश ने साथी जजों के साथ योगाभ्यास किया।

**********

सात माह पूर्व उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में हुए उपद्रव के मामले में संभल कोतवाली पुलिस ने बवाल में शामिल चार और आरोपियों को कल गिरफ्तार किया है। इसमें दो सगे भाई और दो पिता–पुत्र शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपियों ने बवाल के दौरान पत्थरबाजी की थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व वीडियो के माध्यम से आरोपितों की पहचान की। आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

**********

अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव के लिए राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दे दी गयी है। आयोग के गठन को मंजूरी मिलने के बाद अब पंचायत चुनाव की तैयारियों में और तेज़ी आएगी। आयोग, पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सिफारिश करेगा और उसी आधार पर पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण तय किया जायेगा।

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में रूक रूक कर हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। अधिकांश जिलों में मानसून की सक्रियता दिखने लगी है और तापमान में गिरावट भी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग ने आज राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं अगले एक सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में गरज–चमक के साथ रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी रहने का अनुमान व्यक्त किया है। कुछ स्थानों पर मध्यम तो कुछ जगहों पर भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

**********